


# पंचदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-27 मंगलवार, दिनांक-03 अप्रील, 2012 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक ।**

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 'क' 58 को जाँच हेतु प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया ।

(ii) 20 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 51 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन की सूचना :-

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार द्वारा सलेमपुर इटवा के बीच मुख्य सड़क पर गोली मार दिए जाने के विषय पर तथा माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं माननीय सदस्य श्री अखतरूल इस्लाम शाहिन से प्राप्त दिनांक 31.03.2012 को राज्य के ट्रेजरी से निकासी पर रोक के संबंध में प्राप्त दो अलग-अलग कार्य-स्थगन सूचना आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गई । नियमन की प्रति संलग्न ।

नियमन से असंतुष्ट होकर राजद के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती मंजू हजारी

(ii) श्री राजकुमार राय

(iii) श्री नीरज कुमार सिंह

(iv) श्री विनोद प्रसाद यादव

(v) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(vi) श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा

(vii) श्री जनक सिंह

(viii) श्री ज्ञानचन्द मांझी

(ix) श्री संजय सिंह 'टाइगर'

(x) श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय

(xi) श्री अशोक कुमार सिंह

(xii) श्री प्रेमरंजन पटेल

(xiii) श्री कृष्णनन्दन यादव

(xiv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(xv) श्री चितरंजन कुमार

शून्यकाल की सूचना समाप्ति उपरांत राजद के माननीय सदस्यगण सदन में वापस आ गए ।

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित दिनांक 21 एवं 29 मार्च, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभा सदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 28 एवं 30 मार्च 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर दिनांक 04.04.2012 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iii) माननीय सदस्य श्री अखतरूल ईमान एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 29.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) डा० मुहम्मद जावेद एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित दिनांक 29.03.2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-

(i) माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के वर्ष 2010-11 का अंकेक्षण प्रतिवेदन (1) राज्य का वित्त (2) सिविल बिहार सरकार की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा इसके जनता में बिक्री के लिए प्राप्य हो का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय मंत्री श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद उप-विधि, 1955 के संशोधन से संबंधित अधिसूचना संख्या-1003 दिनांक 14.09.2011 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री श्री पी०के० शाही द्वारा पटना विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2010-11 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी बिहार विधान सभा वेश्म में पूर्व परम्परा के अनुसार किया जाय और इस हद तक बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-307 को शिथिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(v) प्रभारी सचिव द्वारा प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति का 151वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि प्रतिवेदन की चक्रानुवर्ती प्रति पुस्तकालय के वाचनालय में माननीय सदस्यों एवं पत्र प्रतिनिधियों के अवलोकन के लिए रख दिया गया है ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 2.00 बजे अप० से 3.00 बजे अप० तक ।**

[6] <u>विधायी कार्य</u> :- <u>राजकीय विधेयक</u> :-

(i) <u>चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2012</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री पी०के० शाही द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

सदन द्वारा विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा अपना पक्ष रखा गया । माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(ii) <u>बिहार राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र (संशोधन) विधेयक, 2012</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री पी०के० शाही द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

सदन द्वारा विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खण्डशः विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का खण्ड- 2 एवं खण्ड-3 में एक-एक संशोधन प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा स्वीकृति के प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखा गया । माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग से संबंधित दिनांक 30 मार्च एवं 2 अप्रील, 2012 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । आसन इसे स्वयं देखेंगे ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(iii) श्रीमती पूनम देवी एवं राजेश्वर राज, स०वि०स० की विधि (धार्मिक न्यास) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्या द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[8] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 04 अप्रील, 2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-03.04.2012

लक्ष्मीकान्त झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।